दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-249 शनिवार 09 सितंबर, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## जी-20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन

बल्लभगढ़, 08 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल

कॉलेज में एनसीसी के अंतर्गत जी-20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता भी उपस्थित थे। डॉ. देवेंद्र गहलोत ने कैडेट के समक्ष जी-20 विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि- जी-20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी कहा जाता है। इस समूह के 19 देश सदस्य हैं, ग्रुप का 20वां सदस्य यूरोपीय संघ है' जी-20 समिट का आयोजन साल में एक बार होता है, हालांकि 2008 से शुरूआत के बाद 2009 और 2010 साल में जी-20 समिट का आयोजन दो-दो बार किया गया था। इस सम्मेलन में ग्रुप के सदस्यत देशों के राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया जाता है और कुछ अन्य देशों को भी बुलाया जाता है, इसके बाद सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष बैठकर कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं। भारत की अध्यक्षता में इस साल जी-20 सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने जा रहा है। डॉ. पूजा सैनी ने बताया कि जी-20 की बैठक की अध्यक्षता हर साल अलग देश करता है। पिछले साल ये बैठक इंडोनेशिया में हुई थी, उसके बाद इंडोनेशिया ने इस अध्यक्षता को भारत को सौंप दिया, इस साल भारत इस समूह की मेजबानी कर रहा है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने उसकी वैश्विक नेतृत्व भूमिका में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। अपनी अध्यक्षता का लाभ उठाकर, भारत ऐसे सहयोगात्मक समाधानों को बढ़ावा दे रहा है।